# उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका

## प्रिलिम्स के लिये:

[राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020](), [भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली](), [राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन](), [परख]()

## मेन्स के लिये:

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताएँ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में चुनौतियाँ

**[स्रोत: द हिंदू]()**

## चर्चा में क्यों?

[संसद]() के एक विशेष सत्र में शिक्षा पर [संसद की स्थायी समिति]() ने "**उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन**" को लेकर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

- **इस रिपोर्ट** में भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में इस प्रमुख नीतिगत बदलाव को लागू करने में **प्रगति और चुनौतियों की समीक्षा** की गई है।

## रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु:

- **उच्च शिक्षा संस्थानों की विविधता:**
  - रिपोर्ट में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि **भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली का एक बड़ा भाग राज्य अधिनियमों के तहत संचालित होता है**, जिसमें **70% विश्वविद्यालय इस श्रेणी में आते हैं।**
  - इसके अतिरिक्त, **94% छात्र राज्य या निजी संस्थानों में नामांकित हैं**, **केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों** में नामांकित छात्रों का अनुपात मात्र **6%** है।
    - यह उच्च शिक्षा प्रदान करने में राज्यों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।
- **चर्चा के प्रमुख बिंदु:**
  - **अनुशासनात्मक कठोरता:** पैनल ने **विषयों के विभाजन में बरती जाने वाली सख्ती** को लेकर चिंता जताई, **जो अंतःविषय शिक्षा और नवाचार के लिये** बाधक हो सकता है।
  - **वंचित क्षेत्रों में सीमित पहुँच: सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों** में उच्च शिक्षा तक पहुँच सीमित है, जिससे शैक्षिक अवसरों के समान वितरण में बाधा आती है।
  - **भाषा संबंधी बाधाएँ: स्थानीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या काफी कम है**, जिससे संभावित रूप से आबादी का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा से वंचित रह जाता है।
  - **संकाय की कमी:** योग्य संकाय सदस्यों की कमी **उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिये सबसे प्रमुख बाधा बनती जा रही** है, जिसका शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।
  - **संस्थागत स्वायत्तता का अभाव: कई संस्थानों को स्वायत्तता की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे अनुकूलन और नवाचार करने की उनकी क्षमता में बाधा आती है।**
  - अनुसंधान पर ज़ोर: पैनल ने वर्तमान उच्च शिक्षा प्रणाली के अंदर अनुसंधान पर कम ज़ोर दिया।
  - अप्रभावी नियामक प्रणाली: उच्च शिक्षा को नियंत्रित करने वाले नियामक ढाँचे को अप्रभावी माना गया, जिसमें व्यापक सुधार की आवश्यकता थी।
  - मल्टीपल एंट्री मल्टीपल एग्जिट प्रोग्राम से संबंधित चिंता: पैनल ने चिंता व्यक्त की कि भारतीय संस्थानों में MEME प्रणाली को लागू करना प्रभावी ढंग से संरेखित नहीं हो सकता है क्योंकि यह सिद्धांत लचीला ज़रूर है किंतु इसमें छात्र प्रवेश और निकास अनिश्चित हैं। यह अनिश्चितता [छात्र-शिक्षक अनुपात]() को बाधित कर सकती है।
- **सिफारिशें:**
  - **समान निधीकरण:** केंद्र एवं राज्य दोनों को उच्च शिक्षा में [सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित समूहों (SEDG)]() को समर्थन प्रदान करने के लिये पर्याप्त धनराशि आवंटित करनी चाहिये।

        - उच्च शकि्षा तक पहुँच में वृद्धि सुनिश्चिति करने हेतु SEDG के लयि [सकल नामांकन अनुपात]() के स्पष्ट लक्ष्य नरि्धारति कयि जाने चाहयि।
    - **लैंगकि संतुलन: उच्च शकि्षा संस्थानों में प्रवेश हेतु लैंगकि संतुलन बढ़ाने** के प्रयास कयि जाने चाहयि।
    - **समावेशी प्रवेश और पाठ्यक्रम: छात्रों की ववििध आवश्यकताओं को पूरा करने के लयि** प्रवेश प्रक्रयिाओं और पाठ्यक्रम को अधकि **समावेशी** बनाया जाना चाहयि।
    - **क्षेत्रीय भाषा पाठ्यक्रम:** क्षेत्रीय भाषाओं और द्वभिाषी रूप से पढ़ाए जाने वाले **अन्य डग्रिी पाठ्यक्रमों** के वकिास को प्रोत्साहति कयिा जाना चाहयि।
    - **दवि्यांगों के लयि पहुँच:** उच्च शकि्षण संस्थानों को **दवि्यांग छात्रों के लयि अधकि सुलभ बनाने** के लयि वशिष्टि कदम उठाए जाने चाहयि, जनिमें ढाँचा आधारति कदम महत्त्वपूर्ण हैं ।
    - **भेदभाव-वरिोधी उपाय:** सुरक्षति एवं समावेशी वातावरण सुनश्चिति करने के लयि **भेदभाव-रहति और उत्पीड़न-वरिोधी नयिमों को सख्ती** से लागू करने की सफिारशि की जानी चाहयि।
    - **HEFA ववििधीकरण: उच्च शकि्षा वत्तिपोषण एजेंसी (HEFA)** को सरकारी आवंटन से परे अपने नधिीकरण स्रोतों में ववििधता लानी चाहयि।
        - वत्ति पोषण के लयि नजिी क्षेत्र के संगठनों, परोपकारी फाउंडेशनों और अंतर्राष्ट्रीय वत्तिीय संस्थानों के साथ साझेदारी के वकिल्प तलाशने चाहयि।

## राष्ट्रीय शकि्षा नीत- 2020:

- **परचिय:**
    - **राष्ट्रीय शकि्षा नीत- 2020** भारत की उभरती वकिास आवश्यकताओं से नपिटने का प्रयास करती है।
        - यह **भारत** की सांस्कृतकि वरिासत और मूल्यों का सम्मान करते हुए, [सतत वकिास लक्ष्य 4 (SDG4)]() सहति 21 वीं सदी के शैक्षकि लक्ष्यों के साथ संरेखति एक आधुनकि प्रणाली स्थापति करने के लयि इसके**नयिमों एवं प्रबंधन** के साथ **शकि्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव** का आह्वान करता है।
    - यह वर्ष **1992 में संशोधति** (NPE 1986/92) 34 वर्ष पुरानी **राष्ट्रीय शकि्षा नीत, 1986**, का स्थान लेती है।
- **मुख्य वशिषताएँ:**
    - **सार्वभौमकि पहुँच:** NEP 2020 प्री-स्कूल से लेकर माध्यमकि स्तर तक **स्कूली शकि्षा के सार्वभौमकि अभगिम** पर केंद्रति है।
    - **प्रारंभकि बाल शकि्षा:** 10+2 संरचना 5+3+3+4 प्रणाली में स्थानांतरति हो जाएगी, जसिमें 3-6 वर्ष के बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम के तहत लाया जाएगा, जसिमें **प्रारंभकि बाल्यकाल देखभाल और शकि्षा (**Early Childhood Care and Education**- ECCE)** पर वशिष ध्यान दयिा जाएगा।
    - **बहुभाषावाद: कक्षा 5 तक शकि्षा का माध्यम मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा होगी**, जसिमें संस्कृत और अन्य भाषाओं के वकिल्प भी होंगे।
        - भारतीय सांकेतकि भाषा (ISL) को मानकीकृत कयिा जाएगा।
    - **समावेशी शकि्षा:** सामाजकि एवं आर्थकि रूप से वंचति समूहों (**SEDG**) को वशिष प्रोत्साहन, वकिलांग बच्चों के लिए सहायता और "बाल भवन" की स्थापना।
    - **बाधाओं का उन्मूलन:** इस नीत का लक्ष्य कला एवं वज्ञिान, पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतविधियों तथा व्यावसायकि व शैक्षणकि धाराओं के बीच सख्त सीमाओं के बनिा एक नरि्बाध शकि्षा प्रणाली को बढ़ावा देना है।
    - **GER वृद्धि: वर्ष 2035 तक सकल नामांकन अनुपात को 26.3% से बढ़ाकर 50%** करने का लक्ष्य 3.5 करोड़ नई सीटें जोड़ना है।
    - **अनुसंधान फोकस:** अनुसंधान संस्कृत और क्षमता को बढ़ावा देने के लयि [राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन]() का नरि्माण।
    - **भाषा संरक्षण: अनुवाद और व्याख्या संस्थान (IITI) सहति** भारतीय भाषाओं के लयि समर्थन **एवं भाषा वभिागों को मज़बूत करना।**
    - **अंतर्राष्ट्रीयकरण:** अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की सुवधिा और [शीर्ष क्रम वाले वदिेशी वशि्ववदि्यालयों]() **का आगमन।**
    - **फंडगि: शकि्षा में सार्वजनकि नविेश को सकल घरेलू उत्पाद के 6% तक बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास।**
    - **परख मूल्यांकन केंद्र:** राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र के रूप में [परख (समग्र वकिास के लयि प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और ज्ञान का वश्लिेषण)]() की स्थापना शकि्षा में योग्यता को आधार बनाने तथा समग्र मूल्यांकन करने की दशिा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
    - **लगि समावेशन नधि:** यह नीत एक **लगि समावेशन नधि** की शुरुआत करती है, जो शकि्षा में लैंगकि समानता के महत्त्व पर ज़ोर देती है और वंचति समूहों को सशक्त बनाने की पहल का समर्थन करती है।
    - **वशिष शकि्षा क्षेत्र:** वंचति क्षेत्रों और समूहों की वशिष्टि आवश्यकताओं को पूरा करने के लयि **वशिष शकि्षा क्षेत्रों** की कल्पना की गई है, जो सभी के लयि गुणवत्तापूर्ण शकि्षा तक समान पहुँच की नीत की प्रतबिद्धता को आगे बढ़ाते हैं।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***?????????????:***

**प्रश्न. संवधिान के नम्निलखिति में से कसि प्रावधान का भारत की शकि्षा पर प्रभाव पड़ता है? (2012)**

1. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
2. ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकाय
3. पाँचवीं अनुसूची
4. छठी अनुसूची
5. सातवीं अनुसूची

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और

**उत्तर: (D)**

---

***??????:***

**प्रश्न 1. भारत में डिजिटल पहल ने किस प्रकार से देश की शिक्षा व्यवस्था के संचालन में योगदान किया है? विस्तृत उत्तर दीजिये। (2020)**

**प्रश्न 2. जनसंख्या शिक्षा के मुख्य उद्देश्यों की विवेचना करते हुए भारत में इन्हें प्राप्त करने के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डालिये। (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-education-policy-2020-in-higher-education